तापमान
अधिकतम 40 .8 डिग्री
न्यूनतम 20 .2 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार 1 मई 2026

**शहर में आज**
- सुपवा में सुबह 11 बजे कुलपति की प्रेसवार्ता
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर
- वैश्य कॉलेज में नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता

## खबर संक्षेप

### युवक को अवैध हथियार सहित किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस ने एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी से एक देशी पिस्तौल व तीन राउंड बरामद हुए हैं। पुलिस गांव लाखनमाजरा गोहाना रोड पर गश्त मे मौजूद थी। लाखनमाजरा गोहाना रोड आउटर पुल के नीचे से युवक को शक के आधार पर काबू किया गया। युवक की पहचान प्रदीप उर्फ सरंपच निवासी छिछडाना जिला सोनीपत के रुप में हुई। तलाशी लेने पर युवक के पास से देशी पिस्तौल व तीन राउंड बरामद हुए हैं।

### लाखों रुपये के बिजली के तार चोरी

**सांपला।** नेशनल हाइवे नंबर 9 इस्माइला बाइपास प्रिंस होटल के पास अज्ञात व्यक्ति बिजली के पोल तोड़ कर लाखों रुपये के बिजली के तार चोरी कर ले गए। पुलिस ने जेई संदीप के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खरावड़ पावर हाउस से ट्यूबवेल पर लाइन आती है। रात को अज्ञात व्यक्ति प्रिंस होटल के पास पांच पोल टूटे मिले और तार गायब मिले। जिसमें विभाग को करीब साढ़े छह लाख रुपये का नुक्सान हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जानलेवा हमले के दो आरोपी पकड़े

**रोहतक।** गांव भैणी महाराजपुर में अंकित और पंकज पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने सागर और प्रवीन को गिरफ्तार किया है। दोनों को अदालत में पेश कर दो दिन के रिमांड पर भेजा गया। 15 अप्रैल को कार विवाद में आरोपियों ने लोहे की रॉड और डंडों से हमला किया था। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

### राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित शिक्षाविद् वीरेंद्र आर्य हुए सेवानिवृत्त

**रोहतक।** राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित प्रख्यात शिक्षाविद् रोहतक के रहने वाले वीरेंद्र आर्य बृहस्पतिवार को शिक्षा निदेशालय,



राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली से राजनीतिक विज्ञान के प्रवक्ता पद से सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हो गए। उनके सेवानिवृत्त होने के साथ ही एक ऐसा अध्याय पूर्ण हुआ, जिसने न केवल शिक्षा जगत को समृद्ध किया, बल्कि समाज को भी नई दिशा दी। अपने दीर्घ और समर्पित शिक्षकीय जीवन में उन्होंने हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान की। वे केवल एक शिक्षक ही नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक, प्रेरणास्त्रोत और आदर्श व्यक्तित्व के रूप में जाने जाते रहे हैं। उनके सान्निध्य में पढ़े अनेक छात्र-छात्राएं आज विभिन्न उच्च पदों पर कार्यरत हैं और समाज में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुके हैं।

## रेल मंत्रालय ने परियोजना को दी मंजूरी

# जसिया में 20 एकड़ में 12 करोड़ की लागत से बनेगा आधुनिक रेलवे स्टेशन, बदलेगी कई गांवों की तस्वीर

## 31 साल बाद फिर से पटरियों पर लौटेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा के रेल मानचित्र पर एक बार फिर जसिया का नाम प्रमुखता से उभरने जा रहा है। रेल मंत्रालय ने क्षेत्रवासियों की दशकों पुरानी मांग को स्वीकार करते हुए जसिया में एक भव्य रेलवे स्टेशन के निर्माण को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। यह केवल एक रेलवे स्टेशन का निर्माण नहीं है, बल्कि एक ऐतिहासिक गलती को सुधारने और क्षेत्र के विकास को नई पटरी पर लाने का एक बड़ा प्रयास है। लगभग 20 एकड़ की विस्तृत भूमि पर बनने वाला यह स्टेशन आधुनिक इंजीनियरिंग का नमूना होगा, जिस पर सरकार लगभग 12 करोड़ रुपये की राशि खर्च करने जा रही है। जसिया के सरपंच ओमप्रकाश हुड्डा ने कहा कि इस परियोजना के शुरू होने से न केवल जसिया बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों की तस्वीर बदलने वाली है, जो पिछले कई वर्षों से बेहतर परिवहन सुविधाओं के अभाव में पिछड़ रहे थे। इस स्टेशन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा हुआ है। अंग्रेजों के समय में यह एक महत्वपूर्ण रेलवे पड़ाव हुआ करता था, लेकिन समय की मार और कुदरत के कहर ने इसे इतिहास के पन्नों में धकेल दिया था। साल 1995 में आई भीषण बाढ़ ने इस क्षेत्र में भारी तबाही मचाई थी, जिसमें रेलवे ट्रैक के साथ स्टेशन भी पूरी तरह जलमग्न होकर नष्ट हो गया था। उस आपदा के बाद इसे दोबारा शुरू करने की कोई ठोस कोशिश नहीं की गई, जिसके कारण पिछले 31 वर्षों से यहां के पटरियों पर सन्नाटा पसरा हुआ था। स्थानीय ग्रामीण लंबे समय से आंदोलनरत थे और बार-बार सरकार से अपनी इस विरासत और जरूरत को बहाल करने की गुहार लगा रहे थे। लेकिन अब इसके दिन स्टेशन के दिन बहुरने को है।

**मिलेंगे रोजगार**
- **1995** की भीषण बाढ़ में उजड़ा स्टेशन अब नए रूप में होगा तैयार
- छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और किसानों के लिए परिवहन सुविधाओं में बड़ा सुधार
- रोहतक व अन्य शहरों के स्टेशनों पर निर्भरता घटेगी






### अरविंद शर्मा ने उठाया था मुद्दा

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि के पीछे राजनीतिक इच्छाशक्ति का भी बड़ा हाथ रहा है। पूर्व सांसद अरविंद शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान इस मुद्दे को एक मिशन की तरह लिया। उन्होंने न केवल रेल मंत्रालय के गलियारों में इसकी पैरवी की, बल्कि संसद के पटल पर भी जसिया स्टेशन की आवश्यकता को मजबूती से उठाया। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज केंद्र सरकार ने बजट आवंटित कर इस पर मुहर लगा दी है।

### इन गांवों को होगा लाभ

स्टेशन के बनने से जसिया, काहनी, रिठाल फोगाट, सांघी, खिड़वाली, घिलोड़ कलां, घिलोड़ खुर्द, धामड़ और चमारिया जैसे गांवों के हजारों लोगों को अब रोहतक या अन्य दूरदराज के स्टेशनों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। विशेष रूप से रोजमर्रा की नौकरी करने वाले कामगारों, कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं और अपने उत्पाद शहरों तक ले जाने वाले किसानों के लिए यह स्टेशन किसी वरदान से कम नहीं होगा। इससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी।

## पेयजल संकट : 8.5 करोड़ लीटर पानी की जरूरत, 6.5 करोड़ सप्लाई का दावा

# कागजों में पानी, हकीकत में शहर प्यासा सप्लाई सिस्टम फेल, शहरवासी परेशान

- नहर से छोड़ा जाता है 20 क्यूसिक पानी 12-13 रास्ते में ही बेकार, पहुंचता है सिर्फ 5 क्यूसिक
- सोनीपत रोड पर फैला रहता है नहरी पानी
- 11 मई से नहरों में पानी बंद होने से बढ़ेगा संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

अलग खबर

रोहतक शहर आज पानी की कमी से नहीं, बल्कि जन स्वास्थ्य विभाग के नकारापन की वजह से प्यासा है। नहरों में पानी बह रहा है, आंकड़ों में सप्लाई दिख रही है, लेकिन हकीकत यह है कि शहर की बड़ी आबादी तक पानी पहुंच ही नहीं रहा। सवाल पानी का नहीं, प्रबंधन का है और इसी मोर्चे पर जन स्वास्थ्य विभाग (नकारा विभाग) पूरी तरह फेल नजर आ रहा है। जेएलएन और भालौठ सब ब्रांच से रोजाना करीब 20 क्यूसिक पानी छोड़ा जाता है, लेकिन शहर के पुराने जलघर तक पहुंचते-पहुंचते यह घटकर महज 5 से 7 क्यूसिक रह जाता है। आखिर यह पानी रास्ते में गायब कहां हो रहा है। जवाब बेहद सीधा है कि वाटर चैनल की वर्षों से ठीक से सफाई नहीं की गई। गंदगी, सिल्ट और जाम हालात ने इन चैनलों को पानी पहुंचाने के बजाय पानी बहाने का रास्ता बना दिया है। नतीजा यह कि सोनीपत रोड पर अक्सर पानी ओवरफ्लो होकर सड़कों पर बह जाता है, और शहर की टंकियां खाली की खाली रह जाती हैं।


जेएलएन फाइल फोटो

### 10 साल से दिक्कत

अंबेडकर कॉलोनी की निवासी निशा कहती हैं कि पिछले 10-12 सालों से पानी की स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। शिकायतें दर्ज होती हैं, फोटो खिंचते हैं और कागजी कार्रवाई होती है, लेकिन जमीन पर हालात जस के तस बने रहते हैं। नागरिक सवाल उठाते हैं कि क्या विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस विफलता को नहीं देख रहे, या देखना ही नहीं चाहते।स्थिति और गंभीर होने वाली है, क्योंकि शहर की 30-40 प्रतिशत आबादी को अब भी दोनों समय पानी नहीं मिल पाता। 2 मई से जेएलएन की सप्लाई बंद होगी और 11 से 27 मई तक दोनों नहरें सूखी रहेंगी। ऐसे समय में विभाग केवल लिफ्ट सिस्टम पर भरोसा करता है, जो शहर की प्यास के सामने बेहद अपर्याप्त है। नागरिकों का कहना है कि जरूरत से अधिक अधिकारियों की लापरवाही उनके जीवन को प्रत्यक्ष संकट में डाल रही है। हर महीने पानी की किल्लत शुरू हो जाती है इससे भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

### पुराने जलघर के लिए आऊटलेट से 20 क्यूसिक पानी दे रहे



हम शहर के पुराने जलघर के लिए अपने आऊटलेट से 20 क्यूसिक पानी छोड़ते हैं। लेकिन जलघर के टैंक तक पहुंचता है मात्र पांच क्यूसिक है। इस बारे में मैं कई साल से जन स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को अवगत करा रहा हूं कि पानी को व्यर्थ क्यों जाने दिया जा रहा है। लेकिन जन स्वास्थ्य विभाग के पास इसका जवाब आज तक नहीं है। **-रामनिवास, कार्यकारी अभियंता, जेएलएन फीडर**

### भंडारण के लिए नया वाटर टैंक नहीं बनाया

शहर को रोजाना करीब 8.5 करोड़ लीटर पानी की जरूरत है, जबकि विभाग 6.5 करोड़ लीटर सप्लाई देने का दावा करता है। यह अंतर सिर्फ आंकड़ों का नहीं, बल्कि प्रशासनिक असफलता का आईना है। और यह भी सब जानते हैं कि दावे और हकीकत के बीच की खाई अक्सर और गहरी होती है। सबसे गंभीर बात यह है कि समस्या का समाधान ढूंढने की बजाय विभाग वर्षों से उसे टालता आ रहा है। पानी के भंडारण के लिए एक नया वाटर टैंक तक नहीं बनाया गया। यह मुद्दा विधानसभा तक पहुंचा, मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा भी की, लेकिन फाइलें रोहतक से चंडीगढ़ के बीच ऐसे घूम रही हैं जैसे समस्या नहीं, सिर्फ कागजों का खेल हो।

### जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं

शहर के लोग पूछ रहे हैं कि जब पानी है, तो नलों तक क्यों नहीं पहुंच रहा। जवाब साफ है कि जिम्मेदारी लेने वाला कोई नहीं। विभाग के अधिकारी शायद इस संकट की गंभीरता को महसूस नहीं करते, क्योंकि उनके घरों तक पानी की कमी नहीं पहुंचती। लेकिन आम नागरिक, खासकर गरीब और मध्यम वर्ग, हर दिन इस लापरवाही की कीमत चुका रहा है। यह सिर्फ प्रशासनिक कमी नहीं, बल्कि संवेदनहीनता का उदाहरण है। पानी जैसी बुनियादी जरूरत के मामले में इस तरह की अनदेखी सीधे-सीधे लोगों के जीवन पर असर डालती है। गर्मी के दिनों में जब पानी सबसे ज्यादा जरूरी होता है, तब सप्लाई का यह हाल किसी भी शहर के लिए शर्मनाक है।

### वाटर चैनल की सफाई लीकेज पर हो नियंत्रण

जरूरत इस बात की है कि विभाग अब कागजी दावों से बाहर निकलकर जमीन पर काम करे। वाटर चैनल की तत्काल सफाई, लीकेज पर नियंत्रण, आधुनिक स्टोरेज सिस्टम और पारदर्शी मॉनिटरिंग हो। ये सब कदम अब विकल्प नहीं, मजबूरी बन चुके हैं। शहर के लोग अब सिर्फ आश्वासन नहीं, समाधान चाहते हैं। अगर अब भी विभाग नहीं चेता, तो यह प्यास सिर्फ पानी की नहीं रहेगी, बल्कि जनता के गुस्से की आग में बदल जाएगी। जन स्वास्थ्य विभाग अब कई महीने से कह रहा है कि जेएलएन से जलघर तक भूमिगत पाइप लाइन डाली जाएगी, इस पर कब काम शुरू होगा। इसका जवाब अफसरों के पास ठीक से नहीं है।

**2016 के पेपर लीक की पृष्ठभूमि में देखते हुए सख्त निगरानी, परीक्षा तीन मई को**

# नीट 2026: 17 केंद्र तैयार, सुरक्षा कड़ी

- एनटीए गाइडलाइन के तहत 3 स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था लागू
- बिजली, पानी, परिवहन और स्वास्थ्य सेवाओं पर फोकस
- हर केंद्र पर डॉक्टर और एंबुलेंस तैयार रहेगी
- 24 घंटे पहले सैनिटाइज होंगे परीक्षा केंद्र, पुलिस की नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

ठीक दशक पहले लगे दाग की याद अभी धुंधली भी नहीं हुई, और रोहतक फिर एक बड़े परीक्षा आयोजन की कसौटी पर खड़ा है। नीट (यूजी) 2026 को लेकर जिला प्रशासन ने इस बार ऐसी तैयारी की है मानो शहर की साख ही दांव पर हो। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने साफ शब्दों में कहा है कि परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण होनी चाहिए, इसमें किसी तरह की चूक की कोई गुंजाइश नहीं है। वीरवार को लघु सचिवालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उपायुक्त ने बताया कि 3 मई को होने वाली परीक्षा के लिए जिले में 17 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। हर केंद्र पर ओवरऑल इंचार्ज, सेक्टर अधिकारी और ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं, ताकि किसी भी स्तर पर ढिलाई न रहे। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पार्किंग प्रबंधन के भी पुख्ता इंतजाम

सुरक्षा के अभेद घेरे में परीक्षा सुरक्षा को लेकर इस बार कोई जोखिम नहीं लिया जा रहा। केवल अधिकृत अधिकारियों और परीक्षार्थियों को ही परीक्षा केंद्र में प्रवेश मिलेगा। मोबाइल जैमर, बायोमेट्रिक सत्यापन और कड़ी जांच प्रक्रिया लागू की जाएगी। परीक्षा केंद्रों को 24 घंटे पहले सैनिटाइज किया जाएगा और प्रश्न पत्रों के सुरक्षित आवागमन के लिए विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है।

### साल 2016 का जख्म

आज की चुनौती मालूम रहे कि वर्ष 2016 में जब परीक्षा पीएमटी के नाम से होती थी, तब उसका पेपर लीक रोहतक से जुड़ा था। लीक का सरगना जिले के गांव मदीना से संबंध रखता था।

# किलोई में विवाहिता की मौत फंदे पर लटका मिला शव



**रोहतक।** गांव किलोई में बृहस्पतिवार दोपहर बाद एक महिला की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गई। ग्रामीणों से सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी। महिला का शव फंदे पर लटका मिला। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकता है। पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। मायका पक्ष ने भी मामले में कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि कलानौर निवासी मायावती की शादी किलोई के व्यक्ति से हुई थी। महिला के पास दो बच्चे हैं। दोपहर बाद पुलिस को सूचना मिली कि महिला की मौत हो गई है। सदर थाना पुलिस और एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि महिला के परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

**नौकरी से लेकर स्टार्टअप तक दे रहा अपार संभावनाओं का मंच**

# 12वीं के बाद बीबीए : युवाओं के लिए मार्केटिंग व मैनेजमेंट सेक्टर में खोल रहा सफलता के द्वार

स्टूडेंट गाइड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

बदलते कारोबारी दौर में करियर के बेहतर विकल्प तलाश रहे युवाओं के लिए बैचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (बीबीए) कोर्स तेजी से पहली पसंद बनता जा रहा है। यह कोर्स न केवल छात्रों को प्रबंधन और मार्केटिंग की बारीकियों से परिचित कराता है, बल्कि उन्हें कॉर्पोरेट सेक्टर की वास्तविक चुनौतियों के लिए भी तैयार करता है। 12वीं के बाद आसानी से उपलब्ध इस कोर्स में दाखिला लेकर युवा डिजिटल मार्केटिंग, मैनेजमेंट, फाइनेंस, एचआर और बिजनेस एनालिसिस जैसे क्षेत्रों में अपना भविष्य संवार सकते हैं। सीमित फीस और बढ़ती डिमांड के चलते यह कोर्स रोजगार और स्वरोजगार दोनों के लिए मजबूत आधार साबित हो रहा है।

- *छात्रों की पसंद बनकर उभरा कोर्स, कॉर्पोरेट सेक्टर में बढ़ी मांग*
- *टीम मैनेजमेंट, निर्णय क्षमता और कम्युनिकेशन स्किल्स पर फोकस*

### यह योग्यता जरूरी

बीबीए कोर्स में दाखिला लेने के लिए 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र इस कोर्स में दाखिला ले सकते हैं। एमडीयू से संबधित कॉलेज में 12वीं में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। यह कोर्स उन छात्रों के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है जो प्रबंधन, प्रशासन और नेतृत्व के गुणों को विकसित करना चाहते हैं।

### कॉलेज, सीटें और फीस

| | | |
|---|---|---|
| हिंदू कॉलेज | 120 | 23,900 |
| नेकीराम कॉलेज | 60 | 7,820 |
| राजकीय महिला कॉलेज | 60 | 7,460 |
| वैश्य महिला कॉलेज | 60 | 7,300 |

सीमित फीस व बढ़ती डिमांड के चलते रोजगार के लिए कारगर

### करियर के अपार अवसर



वैश्य महिला महाविद्यालय के सहायक प्रोफेसर डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि बीबीए की डिग्री हासिल करने के बाद युवाओं के पास रोजगार के अनगिनत द्वार खुल जाते हैं। इस कोर्स के बाद छात्र केवल सरकारी नौकरियों तक सीमित नहीं रहते, बल्कि निजी क्षेत्र में भी ऊंचे पदों पर आसीन होते हैं।

### युवाओं को यहां मिल सकते हैं मौके

- **मार्केटिंग और डिजिटल मार्केटिंग** : आज के दौर में उत्पादों की ब्रांडिंग और ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य है। मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के रूप में युवा ब्रांड्स को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं।
- **बिजनेस एनालिस्ट** : डेटा की समझ रखने वालों के लिए बिजनेस एनालिस्ट की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है, जहां वे कंपनियों के प्रदर्शन का विश्लेषण करते हैं।
- **एचआर और ऑपरेशन्स** : मानव संसाधन प्रबंधन और कंपनी के आंतरिक कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए कुशल प्रोफेशनल्स की भारी मांग है।
- **बैंकिंग और फाइनेंस** : वित्तीय सलाहकार या बैंकिंग अधिकारी के रूप में छात्र अपना शानदार करियर बना सकते हैं।
- **कस्टमर रिलेशनशिप** : ग्राहकों से संवाद और बेहतर सेवा प्रदान करने के क्षेत्र में भी करियर की बड़ी संभावनाएं हैं।
- डिग्री पूरी करने के बाद युवा खुद का स्टार्टअप शुरू कर दूसरों को भी रोजगार प्रदान कर सकते हैं।

# घिलौड़ कलां में युवक को मारी गोली घायल खानपुर अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

जिले के घिलौड़ कलां गांव में गुरुवार को पुरानी रंजिश के चलते एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। घायल युवक की पहचान सोमबीर के रूप में हुई है, जिसे हथेली में गोली लगने के कारण गंभीर चोट आई है। घायल को खानपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव निवासी प्रवेश ने पुरानी रंजिश के चलते सोमबीर पर फायरिंग कर दी। गोली सीधे उसके हाथ की हथेली में लगी। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उसे संभाला और उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों के अनुसार फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। एफएसएल इंचार्ज डॉ सरोज दहिया ने भी मौके से सबूत एकत्रित किए। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश का सामने आया है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं और आरोपित की तलाश के लिए दबिश दी जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद रहा है, जिसके चलते इस वारदात को अंजाम दिया गया। हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वास्तविक वजह स्पष्ट हो सके।


**रोहतक।** मौके पर जांच करती एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया व पुलिस की टीम।


### गांव में तनाव का माहौल, पुलिस ने बढ़ाई गश्त

इस घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने एहतियात के तौर पर इलाके में गश्त बढ़ा दी है, ताकि कोई अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो। वहीं, घायल युवक के परिजनों ने आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सदर थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

# अंगदान : मौत के बाद लोगों को नई जिंदगी देने का सबसे बड़ा संकल्प

## एक माह में 3 ब्रेन डेड मरीजों के अंगदान से 19 लोगों को मिला नया जीवन

- समाजसेवियों ने कुलपति व निदेशक को शॉल ओढ़ाकर किया सम्मानित
- डॉ. एचके अग्रवाल का भावुक संदेश-यह ड्यूटी नहीं, सेवा है
- एक अंगदान से 8 परिवारों में लौट सकती हैं खुशियां
- हर गांव, हर स्कूल में अंगदान की शपथ दिलाने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक में अंगदान को लेकर जागरूकता की एक नई लहर देखने को मिल रही है, जहां समाजसेवियों और चिकित्सा संस्थानों के संयुक्त प्रयासों ने मानवता की मिसाल पेश की है। पीजीआईएमएस में मात्र एक माह के भीतर 3 ब्रेन डेड मरीजों के अंगदान से 19 लोगों को नया जीवन मिला है। इस कार्य के लिए कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और निदेशक डॉ. एसके सिंघल को सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मंत्री आरती राव द्वारा शुरू की गई अंगदान जागरूकता मुहिम को अब रोहतक में व्यापक समर्थन मिल रहा है। समाजसेवियों ने संकल्प लिया है कि इस अभियान को गांव-गांव और हर वर्ग तक पहुंचाया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोग अंगदान के लिए प्रेरित हों और जरूरतमंदों को समय पर जीवनदान मिल सके।

### मुहिम को जन-आंदोलन बनाएंगे : कर्मवीर

समाजसेवी कर्मवीर सैनी ने कहा कि पीजीआईएमएस में डॉ एच के अग्रवाल की टीम जो कर रही है, वह सिर्फ इलाज नहीं, ईश्वर का काम है। हमने अपनी आंखों से देखा है कि कैसे एक परिवार ने अपना दुख भूलकर दूसरों को जीवन दिया। हम प्रण लेते हैं कि इस मुहिम को जन-आंदोलन बनाएंगे।

**सभी को शत-शत नमन** : रविंदरभाजपा जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक रविंदर ने कहा कि हम आज कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और उनकी पूरी टीम को सम्मानित करने पहुंचे हैं, जिन्होंने 1 माह में 3 परिवारों को प्रेरित कर अंगदान करवाया और 19 लोगों की जान बचाने का महान कार्य किया है।

**यह तीन परिवारों का सम्मान** : डॉ. एचके अग्रवालसम्मान ग्रहण करने के बाद कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि यह सम्मान मेरा नहीं, उन 3 परिवारों का है जिन्होंने अपने कलेजे के टुकड़े को खोने के बाद भी दूसरों के बारे में सोचा। अंगदान तभी संभव है जब हम अपनी ड्यूटी को ड्यूटी न समझ कर एक सेवा समझें।

### इन्होंने किया सम्मानित

भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ के पूर्व जिला संयोजक दिनेश मुद्गल, समाजसेवी कर्मवीर सैनी, भाजपा जिला शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक रविंदर और रिटायर्ड सेना अधिकारी उमेद सिंह ने पीजीआईएमएस के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल और निदेशक डॉ. एसके सिंघल को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। यह सम्मान एक माह में 3 ब्रेन डेड मरीजों से अंगदान करवाकर 19 लोगों को नया जीवन दिया।

### एक फैसला 8 परिवारों में खुशी : सिंघल

निदेशक डॉ. एसके सिंघल ने कहा कि एक डॉक्टर के नाते मैं रोज देखता हूं कि समय पर एक अंग न मिलने से कैसे 22 साल का नौजवान भी डायलिसिस पर जिंदगी काटता है। आपका एक फैसला 8 परिवारों में खुशी ला सकता है। इस अवसर पर कुल सचिव डॉक्टर रूप सिंह, डीन डॉक्टर अशोक चौहान, डीन एकेडमिक अफेयर डॉक्टर एमजी वशिष्ठ, चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर कुंदन मित्तल, डेंटल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर मनु राठी, जनसंपर्क विभाग के इंचार्ज डॉ वरुण अरोड़ा सहित सभी अधिकारी उपस्थित रहे।

### अंगदान महान कार्य : मुदगिल

दिनेश मुद्गल ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव द्वारा अंगदान जैसे महान कार्य को लेकर पूरे प्रदेश में जो जागरूकता मुहिम चलाई जा रही है, उसमें रोहतक भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेगा। हमारा संकल्प है कि हर गांव, हर वार्ड, हर स्कूल में जाकर अधिक से अधिक लोगों को अंगदान की शपथ दिलाएंगे।

# सांपला नपा चुनाव के लिए ईवीएम की पहली रेंडोमाइजेशन पूरी, 10 को मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सांपला नगर पालिका के सामान्य चुनाव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन गुप्ता की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को ईवीएम की प्रथम रेंडोमाइजेशन प्रक्रिया पूरी कर ली गई। इस दौरान सामान्य पर्यवेक्षक नरेंद्र कुमार, पुलिस पर्यवेक्षक फैसल खान, रिटर्निंग अधिकारी अंकिता पुवार और खर्च पर्यवेक्षक हनीश गुप्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। रेंडोमाइजेशन प्रक्रिया राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई।

### नपा चुनाव पर मतदान स्टाफ को किया प्रशिक्षित

डीसी ने बताया कि ईवीएम का तीन चरणों में रेंडोमाइजेशन किया गया और तीसरे चरण के बाद डेटा को अंतिम रूप दे दिया गया। मतदान स्टाफ को दिया गया प्रशिक्षण सांपला नगर पालिका चुनाव को लेकर मतदान स्टाफ को भी प्रशिक्षित किया गया। रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अंकिता पुवार की अध्यक्षता में जिला विकास भवन स्थित डीआरडीए सभागार में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक व ईवीएम के मास्टर ट्रेनर ने कर्मचारियों को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की विस्तार से जानकारी दी।

### सांपला नपा के लिए बनाए मतदान केंद्र

सांपला। नपा चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी वार्डों के लिए मतदान केंद्र निर्धारित कर दिए हैं। निर्धारित केंद्रों के अनुसार वार्ड 1, 2, 4 और 16 के मतदाता शांति स्कूल, पुरानी मंडी में अपने वोट डालेंगे। वार्ड 3, 5, 6, 7 और 8 के लिए महाराजा अग्रसेन गर्ल्स स्कूल, खरखोदा रोड को मतदान केंद्र बनाया गया है। वहीं वार्ड 9, 10, 11 और 12 के मतदाता सरकारी स्कूल, दिल्ली रोड, सांपला में वोट करेंगे। वार्ड 13 और 14 के लिए कम्युनिटी सेंटर, सांपला को मतदान केंद्र निर्धारित किया गया है, जबकि वार्ड 15 के मतदाता परशुराम भवन, बेरी रोड, सांपला में अपने वोट डालेंगे। प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदान केंद्र पर पहुंचकर मताधिकार का प्रयोग करें।

# सांपला में गंदगी के ढेर बढ़ा रहे परेशानी, खाली प्लॉट बने कूड़ाघर

- नगरपालिका के दावे फेल, हाईवे चौराहों से लेकर मोहल्लों तक बदहाली

प्रवीण कुमार ▶▶ सांपला

रोहतक जिले के सांपला कस्बे में साफ-सफाई व्यवस्था बदहाल होती जा रही है। शहर के कई हिस्सों में गंदगी का आलम इस कदर है कि खाली पड़े प्लॉट अब कूड़ा डालने के स्थायी ठिकाने बन चुके हैं। इन जगहों पर रोजाना कूड़े के ढेर बढ़ते जा रहे हैं, जिससे आसपास रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। स्थिति तब और खराब हो जाती है जब नालियों का गंदा पानी इन प्लॉटों में भर जाता है, जिससे बदबू और संक्रमण का खतरा लगातार बना रहता है।

### नपा के दावे केवल कागजों तक सीमित

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगरपालिका द्वारा सफाई को लेकर किए जा रहे दावे केवल कागजों तक सीमित हैं। जमीनी स्तर पर न तो नियमित सफाई हो रही है और न ही कूड़ा उठाने की कोई ठोस व्यवस्था दिखाई दे रही है। सफाई कर्मियों की अनियमितता और निगरानी की कमी के कारण हालात दिन-प्रतिदिन बिगड़ते जा रहे हैं। इतना ही नहीं, नेशनल हाईवे बाईपास के तीनों प्रमुख चौराहों के अंदरूनी हिस्सों में भी कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। यह स्थिति न केवल स्थानीय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि बाहर से आने वाले लोगों के सामने भी शहर की छवि को खराब करती है। मुख्य मार्गों के आसपास फैली गंदगी साफ-सफाई के दावों की पोल खोल रही है। गंदगी के कारण क्षेत्र में मच्छरों की संख्या बढ़ गई है, जिससे डेंगू, मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। छोटे बच्चों और बुजुर्गों को खासतौर पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बदबू और अस्वच्छ माहौल के चलते लोगों का स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है।



रोहतक। आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता ईशिता सिंगला।

## विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धा के दौर में अच्छी पेंटिंग को सही तरीके से प्रस्तुत करना जरूरी : सिंगला

रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के दृश्य कला विभाग में आर्टवर्क पैकेजिंग और पर्सनल ब्रांडिंग विषय पर संगोष्ठी आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों को कला के साथ उसकी पेशेवर प्रस्तुति और मार्केटिंग के गुर सिखाए गए। मुख्य वक्ता ईशिता सिंगला ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल अच्छी पेंटिंग बनाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसे सही तरीके से प्रस्तुत करना और अपनी अलग पहचान बनाना भी बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि कलाकार अपनी कलाकृतियों की पैकेजिंग इस तरह करें कि वह सुरक्षित होने के साथ-साथ आकर्षक भी लगे। उन्होंने विद्यार्थियों को लोगो डिजाइन, सिग्नेचर स्टाइल विकसित करने, सोशल मीडिया पर अपनी पहचान मजबूत करने और आर्टवर्क की प्रोफेशनल प्रेजेंटेशन के तरीके समझाए। उन्होंने कहा कि मजबूत पर्सनल ब्रांडिंग कलाकार को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभाती है।

# आज हर व्यक्ति को बीजेपी के संकल्प पत्र पर भरोसा

## इसमें केवल वादे नहीं बल्कि विकास की ठोस रूपरेखा शामिल : अरविंद शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

- भाजपा नगर के समग्र विकास के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध

नगरपालिका चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहे हैं, वैसे-वैसे राजनीतिक गतिविधियां तेज होती जा रही हैं। इसी क्रम में आज भाजपा नेता अरविंद शर्मा ने सांपला में कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर चुनावी रणनीति को धार दी। बैठक में उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्पष्ट संदेश दिया कि पार्टी का संकल्प पत्र ही जनता तक पहुंचने का सबसे प्रभावी माध्यम है और इसे हर घर तक पहुंचाना अब प्राथमिक जिम्मेदारी है। अरविंद शर्मा ने कहा कि आज हर वर्ग का व्यक्ति भाजपा के संकल्प पत्र पर भरोसा जता रहा है, क्योंकि इसमें केवल वादे नहीं बल्कि विकास की ठोस रूपरेखा शामिल है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे घर-घर जाकर लोगों से सीधे संवाद करें और उन्हें संकल्प पत्र में शामिल योजनाओं व प्रस्तावित विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं, युवाओं और व्यापारियों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने पर जोर देते हुए कहा कि भाजपा नगर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा ने कहा कि सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करना, पेयजल की बेहतर उपलब्धता, सड़कों का सुदृढ़ीकरण, स्ट्रीट लाइट व्यवस्था में सुधार और जल निकासी की समस्या का स्थायी समाधान पार्टी की प्राथमिकताओं में शामिल हैं।

### कार्यकर्ताओं ने दिलाया सक्रिय भागीदारी का भरोसा

बैठक में मौजूद कार्यकर्ताओं ने भी पूरे उत्साह के साथ चुनाव में सक्रिय भागीदारी का भरोसा दिलाया। उन्हें निर्देश दिए गए कि बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें और अधिक से अधिक मतदाताओं तक पहुंच सुनिश्चित करें, ताकि पार्टी की नीतियों और संकल्पों को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। गौरतलब है कि आगामी 10 मई को होने वाले नगरपालिका चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल पूरी ताकत के साथ मैदान में हैं, लेकिन भाजपा ने अपने संकल्प पत्र को ही चुनावी अभियान का केंद्र बनाते हुए जनता से सीधा जुड़ाव स्थापित करने की रणनीति अपनाई है। इस अवसर पर सतीश नांदल, रामावतार बाल्मीकि, राजू सहगल, रणबीर ढाका, प्रवीण कोच, उदय भान मलिक, कपिल खत्री, राजसिंह अम्बेडकर, नवीन शर्मा और प्रमोद सांपला सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे, जिन्होंने पार्टी की जीत के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

## न्यूज डायरी



### पीजीआईएमएस के छह कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

रोहतक। पीजीआईएमएस के 6 कर्मचारियों को गुरुवार को सेवानिवृत्ति के अवसर पर कुलपति कार्यालय में भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों में लेक्चरर रमेश हुड्डा, स्टोर अफसर जसवीर सिंह, एसएनओ रमेश कांता, एलटी बलजीत सिंह, हैड स्वीपर रामबिलास और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी नारायणी देवी शामिल रहे। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि अस्पताल जैसी सेवा में नौकरी करने के दौरान कर्मचारी अक्सर परिवार को पर्याप्त समय नहीं दे पाते।



### गांव गोच्छी में पौधों को पानी देते समय करंट की चपेट में आया युवक, मौके पर तोड़ा दम

झज्जर। गांव गोच्छी में पौधों को पानी देते हुए समय एक युवक अचानक करंट की चपेट में आ गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान करीब 29 वर्षीय हरीश पुत्र सुरेंद्र के तौर पर हुई है। हरीश अविवाहित था और खेती बाड़ी का काम करता था। मामले के जांच अधिकारी एसआई राजेश ने बताया कि जब हरीश वीरवार की दोपहर करीब ढाई बजे अपने प्लाट में मोटर चलाकर पौधों को पानी दे रहा था अचानक वह करंट की चपेट में आ गया। इसके बाद गंभीर रूप से घायल हरीश को सीएचसी डीघल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के चाचा के अशोक कुमार के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### एशियाई बीच गेम्स में नीरज ने जीता रजत पदक



गोहाना। चीन के सान्या में आयोजित एशियाई बीच गेम्स-2026 में गांव कथूरा के खिलाड़ी नीरज नरवाल ने कबड्डी प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर देश और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचने पर ग्रामीणों ने नीरज नरवाल का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भारतीय कबड्डी टीम के कोच राकेश कुमार भी मौजूद रहे। गांव कथूरा को कबड्डी के लिए विशेष पहचान प्राप्त है और इसे 'खेल गांव' के रूप में जाना जाता है। यहां के खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते आ रहे हैं। नीरज नरवाल की इस उपलब्धि ने गांव की खेल परंपरा को और मजबूत किया है।

# बदहाल मूलभूत सुविधाएं, बिजली-पानी संकट से आमजन परेशान : निंबड़िया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा के प्रमुख शहरों में गिने जाने वाले रोहतक की स्थिति इन दिनों मूलभूत सुविधाओं के मामले में चिंताजनक बनी हुई है। जिस शहर को कभी राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण और विकसित माना जाता था, आज वहीं के नागरिक बिजली, पानी और सफाई जैसी बुनियादी समस्याओं से जूझ रहे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई वार्डों विशेष रूप से वार्ड 20 और आसपास की कॉलोनियों में पानी की आपूर्ति बेहद सीमित हो गई है। लोगों का कहना है कि दिनभर में केवल 15 से 20 मिनट ही पानी आता है, जिससे दैनिक जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो जाता है। मजबूरी में लोग निजी टैंकर मंगवाकर पानी का इंतजाम कर रहे हैं, जिससे उन पर आर्थिक बोझ भी बढ़ रहा है। बिजली की समस्या भी कम गंभीर नहीं है। बार-बार बिजली कटौती के कारण लोगों को भीषण गर्मी में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर रात के समय बिजली कटने से बुजुर्गों, बच्चों और मरीजों की स्थिति और भी कठिन हो जाती है। इसके अलावा, शहर की कई गलियों और चौकों में स्ट्रीट लाइट्स खराब पड़ी हैं या पूरी तरह से गायब हैं, जिससे रात के समय अंधेरा छाया रहता है और सुरक्षा की दृष्टि से खतरा बढ़ जाता है।

### टूटी-फूटी सड़कों से यातायात हो रहा बाधित

सीवरों की नियमित सफाई न होने के कारण गंदगी और दुर्गंध से लोग परेशान हैं, वहीं टूटी-फूटी सडक़ों के कारण यातायात भी बाधित हो रहा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं जिला उपाध्यक्ष अडीचंद निम्बड़िया ने सरकार से मांग की है कि इन समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि रोहतक के नागरिकों की ये समस्याएं केवल असुविधा नहीं, बल्कि उनके जीवन स्तर को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में आवश्यक है कि प्रशासन और सरकार शीघ्र कदम उठाकर शहर की मूलभूत सुविधाओं को दुरुस्त करे, ताकि लोगों को राहत मिल सके और शहर फिर से विकास की राह पर आगे बढ़ सके। अडीचंद निम्बड़िया ने कहा कि यदि प्रदेश के शहरों का समुचित विकास होगा, तभी 'विकसित भारत' का सपना साकार हो सकेगा।



## विकल्प स्कूल में मनाया मजदूर दिवस, अवनी व आलिया ने श्रम के महत्व पर डाला प्रकाश

- नन्हें बच्चों ने फैंसी ड्रेस से मोह लिया मन

रोहतक। विकल्प पब्लिक हाई स्कूल में 1 मई 'मजदूर दिवस' के अवसर पर 'मैरीगोल्ड हाउस' द्वारा एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त सपोर्टिंग स्टाफ को मुख्य रूप से सम्मानित किया गया। विनीता के कुशल संचालन में हुए इस कार्यक्रम की शुरुआत प्रेरणादायक भाषणों से हुई, जिसमें अवनी और आलिया ने श्रम के महत्व पर प्रकाश डाला। संगीत शिक्षक संदीप कुमार के 'धन्यवाद गीत' ने माहौल को भावुक कर दिया। नर्सरी से पहली कक्षा के बच्चों के लिए आयोजित फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें तृप्ति कौर, रणविजय और सम्यक माथुर जैसे नन्हें सितारों ने किसान, डॉक्टर और पुलिसकर्मी बनकर अपनी प्रतिभा दिखाई। इस अवसर पर केक काटकर खुशियां मनाई गईं। प्राचार्या किरण पाहवा ने सपोर्टिंग स्टाफ के अमूल्य योगदान की सराहना की और स्कूल प्रबंधन समिति के निदेशक सुखबीर सिंह के साथ मिलकर सभी हेल्पर्स को उपहार भेंट किए। इस दौरान कोर्डिनेटर मंजू सहित पूरा स्टाफ उपस्थित रहा।

### असम-बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त : खरक

रोहतक। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश मीडिया सह-प्रभारी शमशेर सिंह खरक ने कहा कि असम और पश्चिम बंगाल के हालिया एग्जिट पोल के रुझान देश की राजनीति में बड़े परिवर्तन का संकेत दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह सफलता केवल चुनावी आंकड़ों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता के विश्वास की मजबूत मुहर है। खरक ने एग्जिट पोल के रुझानों का हवाला देते हुए कहा कि देशभर में भाजपा के पक्ष में माहौल स्पष्ट दिखाई दे रहा है। पश्चिम बंगाल में 2016 में मात्र 3 सीटों से शुरुआत करने वाली भाजपा ने 2021 में 77 सीटें हासिल कर अभूतपूर्व उछाल दर्ज किया। वोट प्रतिशत में हुई उल्लेखनीय वृद्धि यह दर्शाती है कि राज्य की जनता अब तुष्टीकरण की राजनीति से आगे बढ़कर विकास को प्राथमिकता दे रही है और पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनना निश्चित लग रहा है।

**मंथन** सफाई व्यवस्था को लेकर निगम ने कसी कमर, घर-घर कूड़ा संग्रहण के निर्देश

# स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप हो शहर की सफाई : आयुक्त

समीक्षा बैठक में शहर के शौचालयों की नियमित सफाई व रखरखाव पर दिया विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन ने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर कमर कस ली है। उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर की किसी भी सड़क पर कचरा दिखाई नहीं देना चाहिए और सफाई कार्यों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वीरवार को कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश देते हुए उन्होंने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने शहर के सभी सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई और रखरखाव पर विशेष जोर दिया। साथ ही, घर-घर कूड़ा संग्रहण को 100 प्रतिशत सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बाजार क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए, ताकि कहीं भी कचरा जमा न हो।



रोहतक। अधिकारियों की मीटिंग लेते उपायुक्त एवं नगर निगम आयुक्त सचिन गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### निगम के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध

आयुक्त ने बताया कि नगर निगम के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं। वर्तमान में 125 टिपर, 90 ई-रिक्शा घर-घर से कूड़ा उठाने में लगे हैं, जबकि 964 सफाई कर्मचारी इस कार्य में जुटे हुए हैं। उन्होंने अस्थायी कूड़ा प्वाइंट्स को समाप्त कर सीधे वाहनों के माध्यम से कचरा उठान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे शहर की स्वच्छता और सुंदरता बनी रहे। सफाई व्यवस्था की निगरानी के लिए कंट्रोल रूम को और अधिक सक्रिय बनाने के निर्देश देते हुए आयुक्त ने कहा कि आमजन की शिकायतों का त्वरित समाधान प्राथमिकता होनी चाहिए। मुख्य मार्गों और बाजारों में सुबह और रात के समय विशेष सफाई अभियान चलाए जाएंगे, ताकि शहर हर दिन साफ-सुथरा नजर आए। उन्होंने स्वच्छता ऐप पर प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निपटान सुनिश्चित करने और जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

### हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत दर्ज

आयुक्त ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि सफाई से जुड़ी किसी भी शिकायत के लिए लोग स्वच्छता ऐप या हेल्पलाइन नंबर 7303050200, 7303050800, 18001805007 और 8295900992 पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जाएगा। बैठक में संयुक्त आयुक्त नमिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और एजेंसियों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

प्राध्यापक सुनीत मुखर्जी को निदेशक जनसंपर्क अधिकारी का पद

# प्रोफेसर मान को किया डीन एकेडमिक अफेयर्स नियुक्त

- ए एस मान 1 मई से संभालेंगे मदवि में कार्यभार



प्रो जसवंत सैनी।



प्रो. ए एस मान।



सुनीत मुखर्जी।

- प्रोफेसर जसवंत सैनी को प्रथम अपीलीय प्राधिकरण की मिली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति ने विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए प्रशासनिक स्तर पर कई महत्वपूर्ण फेरबदल किए हैं। रजिस्ट्रार कार्यालय द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, अकादमिक, जनसंपर्क और आरटीआई विभाग में नई नियुक्तियां की गई हैं। प्रोफेसर ए.एस. मान को डीन एकेडमिक अफेयर्स, प्राध्यापक सुनीत मुखर्जी को निदेशक जनसंपर्क अधिकारी और प्रोफेसर जसवंत सैनी को प्रथम अपीलीय प्राधिकरण नियुक्त किया है। विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग के प्रोफेसर ए.एस. मान को विश्वविद्यालय का नया डीन एकेडमिक अफेयर्स नियुक्त किया गया है। वे 1 मई, 2026 से अपना कार्यभार संभालेंगे। यह जिम्मेदारी उन्हें उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ सौंपी गई है। पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के प्राध्यापक सुनीत मुखर्जी को विश्वविद्यालय का निदेशक जनसंपर्क अधिकारी (डीपीआर) नियुक्त किया गया है। वे तत्काल प्रभाव से अपना पदभार ग्रहण करेंगे। इससे पहले यह कार्यभार होटल एवं टूरिज्म मैनेजमेंट संस्थान के प्रोफेसर आशीष दहिया के पास था, जिन्हें अब इस अतिरिक्त जिम्मेदारी से मुक्त कर दिया गया है। सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विधि विभाग के प्रोफेसर जसवंत सैनी को प्रथम अपीलीय प्राधिकरण नामित किया गया है। उनकी नियुक्ति 1 मई 2026 से प्रभावी होगी। वे इमसार विभाग के प्रोफेसर प्रदीप कुमार अहलावत का स्थान लेंगे।

## 29 और 30 अप्रैल तक नरवाना के नवदीप स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता

# स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में रोहतक के खिलाड़ियों ने जीते सात पदक

### पुरुष वर्ग 5000 मीटर रेस में सोनीपत के अजय और हिसार की अनीता ने जीता स्वर्ण पदक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

8वीं हरियाणा राज्य सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का 2 दिवसीय आयोजन राजकुमार मिटान सदस्य ग्रीवेंस कमेटी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के नेतृत्व में 29 से 30 अप्रैल तक नवदीप स्टेडियम नरवाना जींद में किया गया। रोहतक जिले के खिलाड़ियों ने सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 4 स्वर्ण पदक, 2 रजत पदक और 1 कांस्य पदक सहित कुल 7 पदक जीते।

पुरुष वर्ग 5000 मीटर दौड़ में अजय सोनीपत ने स्वर्ण पदक, बिट्टू जींद ने रजत और परवीन कुमार फतेहाबाद ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग 5000 मीटर दौड़ में अनीता हिसार ने स्वर्ण पदक, अंकिता महेंद्रगढ़ ने रजत पदक और पूजा सिरसा ने कांस्य पदक जीता। 1500 मीटर दौड़ में आर्यन पानीपत ने पहला, अजय सोनीपत ने दूसरा और विशाल भिवानी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सत्यवीर धनखड फरीदाबाद मीडिया प्रभारी खेल ने बताया कि महिला वर्ग शाट पुट इवेंट में अंशु सोनीपत ने स्वर्ण पदक, खुशबू रोहतक ने रजत पदक और मोनिका फरीदाबाद ने कांस्य पदक जीता।



रोहतक। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

पुरुष वर्ग ट्रिपल जंप इवेंट में अजय रोहतक ने स्वर्ण पदक, रणजीत भिवानी ने रजत पदक और अजय भिवानी ने कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट में धर्मेन्द्र झज्जर ने पहला, राहुल भिवानी ने दूसरा और मोहित करनाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। महिला वर्ग 3000 मीटर स्टेपल चेज इवेंट में सिमरन हिसार ने स्वर्ण पदक, खुशबू भिवानी ने रजत पदक और पूजा रानी हिसार ने कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग जेवलिन थ्रो इवेंट में यशराज फरीदाबाद ने पहला, सनुज सोनीपत ने दूसरा और विनय मलिक हिसार ने कांस्य पदक जीता। प्रदीप मलिक महासचिव एथलेटिक्स हरियाणा ने जानकारी देते हुए बताया कि महिला वर्ग 800 मीटर दौड़ में गीतिका दहिया गुरुग्राम ने स्वर्ण पदक, कृतिका फरीदाबाद ने रजत पदक और वंशिका भिवानी ने कांस्य पदक जीता। पुरुष वर्ग 10000 मीटर दौड़ में सूरज कुमार सोनीपत ने स्वर्ण पदक, राहुल सोनीपत ने रजत पदक और राहुल भिवानी ने कांस्य पदक जीता।

महिला वर्ग 10000 मीटर दौड़ में पूजा सिरसा ने स्वर्ण पदक, रेखा पानीपत ने रजत पदक और रमण देवी कैथल ने कांस्य पदक जीता। महिला वर्ग 200 मीटर दौड़ में सोनिका भिवानी ने पहला, सोनिया जींद ने दूसरा और हर्षिल जींद ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग 200 मीटर दौड़ में मोहित कुमार सोनीपत ने स्वर्ण पदक, जयप्रकाश ने रजत पदक और प्रिंस सोनीपत ने कांस्य पदक जीता।

110 मीटर हर्डल इवेंट पुरुष वर्ग में सक्षम चिकारा झज्जर ने पहला, श्रीदर्शन सोनीपत ने दूसरा और अभिषेक यादव गुरुग्राम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पुरुष 400 मीटर हर्डल इवेंट में विकास भिवानी ने स्वर्ण पदक, अमित दहिया झज्जर ने रजत पदक और कुश हिसार ने कांस्य पदक जीता।

## खरेंटी के गौरव ने बढ़ाया गांव का मान अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग में जीता गोल्ड



रोहतक। गांव खरेंटी के युवा मुक्केबाज गौरव गिल ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीतकर जिले का नाम रोशन किया है। गौरव ने मालदीव में 24 से 27 अप्रैल 2026 तक आयोजित 11वीं अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग चैंपियनशिप में अपनी प्रतिभा का दम दिखाया। एसबीकेएफ द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया, जहां गौरव ने 12 प्लस किलो भार वर्ग में मुकाबले खेले। फाइनल मुकाबले में उनका सामना किर्गिस्तान के मजबूत खिलाड़ी से हुआ। यह मुकाबला बेहद रोमांचक रहा, जिसमें गौरव ने 4-3 के करीबी अंतर से जीत दर्ज कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। रिंग के भीतर हर पंच जैसे कहानी लिख रहा था, और अंत में वही कहानी जीत में बदल गई। गौरव की इस उपलब्धि ने न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे गांव और जिले को गौरवान्वित किया है।
गौरव गिल ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच, परिवार और गांववासियों को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर अभ्यास, अनुशासन और मार्गदर्शन के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुंच पाए हैं। गांव खरेंटी में इस उपलब्धि के बाद खुशी का माहौल है। स्थानीय लोगों ने गौरव का स्वागत करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। खेल प्रेमियों का मानना है कि यह जीत क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी खेलों की ओर प्रेरित करेगी। गौरव की यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि छोटे गांवों से निकलकर भी युवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ी पहचान बना सकते हैं। अब सभी की नजरें उनके आगामी मुकाबलों पर हैं, जहां उनसे और भी बड़ी उपलब्धियों की उम्मीद की जा रही है। गौरव के पिता हरपाल सिंह बताते हैं कि उनके बेटे का झुकाव खेलों की ओर बचपन से ही साफ दिखाई देने लगा था। वह न सिर्फ बॉक्सिंग को पसंद करता था, बल्कि खेल के प्रति बेहद संवेदनशील और समर्पित भी रहा है। छोटी उम्र में ही गौरव घंटों तक अभ्यास करता और अपनी तकनीक को बेहतर बनाने के लिए लगातार मेहनत करता था।

## श्रमिकों को किया सम्मानित



रोहतक। एच डी पब्लिक स्कूल बालंद ने बुद्धा पूर्णिमा के पावन अवसर का स्मरण किया तथा श्रमिक दिवस की पूर्व संध्या पर आयोजित विशेष गतिविधियों के माध्यम से श्रमिकों के अमूल्य योगदान को सम्मानित किया। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और सहायक स्टाफ को एक साथ लाकर प्रत्येक के जीवन में शांति, करुणा और श्रम की गरिमा के मूल्यों पर विचार करने का अवसर प्रदान किया। नर्सरी से कक्षा 4 तक के विद्यार्थियों को शिक्षकों ने सिद्धार्थ से बुद्ध बनने की प्रेरणादायक यात्रा की कथा सुनाई। कक्षा 5 एवं 6 के विद्यार्थियों ने अपने बस चालक अंकल के लिए धन्यवाद कार्ड तैयार किए, जिसमें हिमानी और लक्षिता क्रमशः विजेता रहीं। कक्षा 7 एवं 8 के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की महिला सहायक कर्मचारियों के लिए रंगीन प्रस्तुतियाँ तैयार कीं, जिसमें माही और काजल ने क्रमशः जीत हासिल की। कक्षा 9 के विद्यार्थियों ने कार्यरत लोगों पर कोलाज तैयार किया, जिसमें मुस्कान विजेता रहीं। विद्यालय के अध्यक्ष जयपाल सिगरोहा ने उनके दृढ़ संकल्प और कार्यक्षमता की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी तथा उनके प्रयासों और योगदान के लिए आभार व्यक्त किया।

## मॉडल स्कूल में मजदूर दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

मज़दूर दिवस के उपलक्ष में आंबेडकर चौक स्थित मॉडल स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया । नन्हे मुन्ने बच्चों ने सुंदर - सुंदर कार्ड बनाकर विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों को दिए तथा मिठाई खिलाकर सम्मानित किया । बच्चे विभिन्न वेशभूषा में तैयार होकर आए और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्राधानाचार्या डॉ. अरुणा तनेजा ने इस अवसर पर बताया कि एक मई को मज़दूर दिवस मज़दूरों के अधिकारों और उनके योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।

## विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण भगवान बुद्ध के सत्य अहिंसा और करुणा के संदेशों को किया आत्मसात



रोहतक। बेरी रोड स्थित मॉडल स्कूल सांपला में वीरवार को 'मजदूर दिवस' और 'बुद्ध पूर्णिमा' के अवसर पर श्रद्धा और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय के विद्यार्थियों ने संस्थान की रीढ़ माने जाने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों चपरासी, सहायकों और दीदियों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए एक विशेष सभा का आयोजन किया। बच्चों ने हस्तनिर्मित कार्ड और भावपूर्ण भाषणों के जरिए उनके श्रम की सराहना की। इस मौके पर समस्त स्टाफ की ओर से कर्मचारियों को उपहार और मिठाइयां भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही, बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्कूल का वातावरण आध्यात्मिक शांति से सराबोर रहा। विद्यार्थियों ने पोस्टर निर्माण और परिचर्चा के माध्यम से भगवान बुद्ध के करुणा, सत्य और अहिंसा के संदेशों को आत्मसात किया। प्रिंसिपल नोमिता बत्रा ने बच्चों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सच्ची शक्ति परिश्रम में और वास्तविक शांति दयाभाव में निहित है। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# पठानिया स्कूल में मनाया श्रमिक दिवस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक



श्रमिक दिवस के अवसर पर पठानिया पब्लिक स्कूल में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की गई जिसके अंतर्गत श्रमिक दिवस बड़े ही सम्मानजनक, भव्य एवं प्रेरणादायक तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का संचालन अनन्या, नव्या, विधि, सोनी व शिवांश ने पूनम भाटिया, किरण वर्मा व कोमल बुट्टन के मार्गदर्शन में अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया। जसनूर, लावण्या, नमित व नव्या ने अपने प्रभावपूर्ण हिंदी भाषण के माध्यम से सभी को भाव-विभोर कर दिया और श्रमिकों के महत्व को हृदयस्पर्शी शब्दों में प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक एवं नृत्य की शानदार प्रस्तुतियाँ दीं। नीतू सेठी के निर्देशन में प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक ने समाज में श्रमिकों की भूमिका और उनके संघर्ष को सजीव रूप में दर्शाया, वहीं रीमा के मार्गदर्शन में प्रस्तुत नृत्य ने सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया।

विद्यालय की को-फाउण्डर वर्षा पठानिया, निदेशक महोदय अंशुल पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने कहा कि हम सभी किसी न किसी रूप में श्रम करते हैं और समाज में हर व्यक्ति एक-दूसरे पर निर्भर होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें सदैव श्रमिकों का सम्मान करना चाहिए और उनके प्रति सहयोग एवं संवेदनशीलता का भाव बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल उपप्रधानाचार्या प्रीति ढांडा श्रीमती सुनीता मोर, हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी व सभी को-ऑर्डिनेटर व अध्यापक गण मौजूद रहे।

## जाट कॉलेज रोहतक के विद्यार्थियों का स्टार्ट अप बूटकैंप में शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

जाट कॉलेज रोहतक के पांच विद्यार्थियों साहिल अहमद शाह, माही सेन, प्रिया, ईशा एवं खुशबू ने एसजीटी यूनिवर्सिटी, गुरुग्राम में 20 से 24 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय आई. डी.ई.(इनोवेशन, डिजाइन एंड एंटरप्रेन्योरशिप) बूटकैंप में भाग लेकर कॉलेज का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों ने "नेस्टटेक" टीम के माध्यम से "रूमी" नामक डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रस्तुत किया, जो विद्यार्थियों एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए प्रमाणित और विश्वसनीय पीजी बुकिंग सुविधा प्रदान करने पर आधारित है। बूटकैंप के दौरान विद्यार्थियों ने वाधवानी फाउंडेशन द्वारा संचालित उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान उन्हें स्टार्टअप मॉडल, समस्या समाधान, बिजनेस रणनीति, मार्केट विश्लेषण तथा लीन कैनवस तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। अंतिम दिन टीम ने उद्योग विशेषज्ञों और उद्यमियों के समक्ष अपने प्रोजेक्ट का सफल प्रस्तुतीकरण भी किया। टीम सदस्य साहिल अहमद शाह ने बताया कि इस बूटकैंप में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, केरल और जम्मू-कश्मीर सहित विभिन्न राज्यों की लगभग 39 टीमों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों के साथ विचारों का आदान-प्रदान कर नई जानकारियां और अनुभव प्राप्त हुए।

## एमडीयू ने प्रो. सुरेश चंद्र मलिक को दी विदाई



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में अधिष्ठाता शैक्षणिक मामले एवं सांख्यिकी विभाग के प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रो. सुरेश चंद्र मलिक को उनकी सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। कुलपति प्रो. मिलाप पुनिया ने प्रो. मलिक के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और प्रशासनिक सुदृढ़ता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने भी उनके कार्यों को विश्वविद्यालय के विकास की दिशा में मील का पत्थर बताया।

## 30 साल बाद सेवानिवृत्त हुए राजनीति विज्ञान के प्राध्यापक रामपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

पंडित नेकीराम शर्मा राजकीय महाविद्यालय में वीरवार को राजनीति विज्ञान के वरिष्ठ प्राध्यापक रामपाल सिंह की सेवानिवृत्ति के अवसर पर भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने की। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

20 अप्रैल 1968 को सुनारिया कलां में जन्मे रामपाल सिंह की शैक्षणिक यात्रा प्रेरणादायक रही है। उन्होंने गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई शुरू की और वर्ष 1999 में नेट परीक्षा उत्तीर् की। वर्ष 2000 में कलानौर के एसजेके कॉलेज से उच्च शिक्षा में शिक्षण शुरू करने के बाद, उन्होंने पिछले 14 वर्षों से नेकीराम कॉलेज में अपनी सेवाएं दीं। वे हरियाणा कॉलेज एक्सटेंशन लेक्चरर एसोसिएशन के प्रधान के रूप में भी सक्रिय रहे।

प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सांगवान ने उनके योगदान की सराहना करते हुए कहा कि संस्थान को उनके जैसे समर्पित शिक्षक पर गर्व है। समारोह के दौरान सोशल सेक्रेटरी डॉ. दिनेश सिंह के संयोजन में स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सहकर्मियों ने उनके सरल स्वभाव, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन की प्रशंसा की। बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने उनके सुखद एवं स्वस्थ भविष्य की कामना की।




**अहम कदम** विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है उद्देश्य

# हसनगढ़ आईटीआई में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग लैब शुरू, उद्योगों के अनुरूप कौशल से जुड़ेंगे युवा: डीसी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रोहतक

युवाओं को उद्योग आधारित कौशल से लैस करने की दिशा में वीरवार को एक अहम कदम उठाते हुए हसनगढ़ स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग लैब का शुभारंभ किया गया।

उपायुक्त सचिन गुप्ता और मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह ने इस आधुनिक लैब का उद्घाटन किया। यह लैब मारूति सुजुकी के सहयोग से स्थापित की गई है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को उद्योगों की जरूरतों के अनुरूप व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करना है, ताकि उन्हें डिप्लोमा के बाद रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें। उद्घाटन के बाद उपायुक्त और ओएसडी ने अधिकारियों के साथ लैब का निरीक्षण कर इसकी कार्यप्रणाली को समझा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों से उनकी आवश्यकताओं की जानकारी लेकर युवाओं को उसी के अनुसार प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे कौशल और रोजगार के बीच की दूरी कम हो सके।


रोहतक। आधुनिक लैब का उद्घाटन करते उपायुक्त सचिन गुप्ता और मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र सिंह । फोटो : हरिभूमि

### प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए तैयार करेंगी

ओएसडी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार तकनीकी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। इस प्रकार की आधुनिक लैब युवाओं की रोजगार क्षमता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी और उन्हें प्रतिस्पर्धी माहौल के लिए तैयार करेंगी। इसके अलावा एमएसबीटी के तहत सीएनसी और वीएमसी मशीनें, इलेक्ट्रो-प्न्यूमैटिक व हाइड्रोलिक किट्स, कन्वेयर सिस्टम और प्रिसीजन माप उपकरण स्थापित किए गए हैं, जिससे प्रशिक्षुओं को वास्तविक उद्योग जैसा अनुभव मिलेगा।

### रोजगार मेले में 530 अभ्यर्थियों में से 294 का चयन हुआ

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि गत 26 फरवरी को आयोजित रोजगार मेले में 530 अभ्यर्थियों में से 294 का चयन हुआ। आईटीआई हसनगढ़ के विद्यार्थियों ने भी इसमें उल्लेखनीय प्रदर्शन किया। वर्ष 1962 में स्थापित इस संस्थान में वर्तमान में 19 ट्रेड संचालित हैं और कुल सीट क्षमता 920 है। संस्थान ने वर्ष 2025 में 93 प्रतिशत उत्तीर्णता दर और करीब 70 प्रतिशत प्लेसमेंट हासिल किया, जो कौशल आधारित शिक्षा की सफलता को दर्शाता है। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के अधिकारी, कंपनी के प्रतिनिधि, संस्थान के प्राध्यापक और विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय रोहतक में अनिला बठला को दी भावभीनी विदाई

रोहतक। श्री लाल नाथ हिन्दू महाविद्यालय में संस्कृत विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर अनिला बठला के सेवानिवृत्ति पर महाविद्यालय परिवार की ओर से एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित विभिन्न वक्ताओं ने उनके दीर्घ, अनुकरणीय तथा समर्पित सेवाकाल को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। समारोह में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि अनिला बठला का महाविद्यालय के विकास, कार्य-संस्कृति और सकारात्मक वातावरण निर्माण में महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। उनकी सेवाकाल की उपलब्धियाँ तथा उनके व्यक्तित्व की सरलता, विनम्रता और कर्तव्यपरायणता सदैव स्मरणीय रहेंगी। इस अवसर पर हिन्दू शिक्षण समिति के महामंत्री श्री संजय आहूजा जी ने उनके महाविद्यालय, संस्कृत व योग के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। पूर्व प्रधान राजेश सहगल ने उन्हें आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।



### सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 70 में से 25 विद्यार्थियों का एनसीसी में चयन

रोहतक। सैनी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एनसीसी कैडेट्स भर्ती फर्स्ट हरियाणा एनसीसी बटालियन रोहतक के कमान अधिकारी कर्नल सुखविंदर सिंह और प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अमन चौधरी के निर्देशन में हुई यह चयन एनसीसी अधिकारी नायब सूबेदार संतोष सिंह और हवलदार युद्धवीर सिंह की देखरेख में हुआ । प्राचार्य डॉक्टर आरके सैनी ने कैडेट को एनसीसी के चयन होने पर शुभकामनाएं दी । सूबेदार संतोष सिंह ने बताया कि एनसीसी में 70 विद्यार्थियों ने भाग लिया जिसमें से 25 विद्यार्थियों का चयन किया गया । इस मौके पर एनसीसी इंचार्ज प्रियंका और पूजा सैनी उपस्थित रहे ।

### जीडी गोयंका सनसिटी टॉडलर हाउस में बुद्ध पूर्णिमा और मजदूर दिवस की धूम



रोहतक। सेक्टर-15 स्थित जीडी गोयंका सनसिटी टॉडलर हाउस में बुद्ध पूर्णिमा और मजदूर दिवस के अवसर पर विशेष शैक्षणिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्नों को भगवान बुद्ध के शांति, करुणा और अहिंसा के सिद्धांतों से रूबरू कराया गया। विद्यालय के निदेशक बलराज सिंह ने बच्चों को बुद्ध पूर्णिमा की बधाई देते हुए उनके आदर्शों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। प्रधानाचार्या डॉ. मधुबाला ने बताया कि यह त्रि-विध पावन तिथि बुद्ध के जन्म, ज्ञान और महापरिनिर्वाण का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को महात्मा बुद्ध के जीवन पर आधारित एक फिल्म दिखाई गई, जिसे देख वे अत्यंत उत्साहित हुए। साथ ही पोस्टर मेकिंग और कलरिंग प्रतियोगिताओं के जरिए बच्चों ने अपनी रचनात्मकता बिखेरी। इसी कड़ी में 'लेबर डे' भी मनाया गया, जहां शिक्षकों ने बच्चों को श्रमिकों के श्रम का सम्मान करने और उनके प्रति कृतज्ञता रखने का संस्कार दिया। यह दिन विद्यार्थियों के लिए ज्ञान और संवेदनशीलता से भरा रहा।




### सीडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप के लिए चयनित एकमात्र कैडेट रही आर्यन स्कूल की गरिमा

रोहतक। द आर्यन पब्लिक स्कूल, लाखन माजरा की एनसीसी कैडेट गरिमा ने सीडब्ल्यूएस स्कॉलरशिप' के तहत 6000 रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। यह छात्रवृत्ति एनसीसी द्वारा संचालित एक प्रतिष्ठित योजना के अंतर्गत प्रदान की जाती है, जिसके तहत प्रतिवर्ष 1200 कैडेट्स को 6000-6000 की राशि दी जाती है। विशेष रूप से इसमें से 450 सीटें ग्रामीण एवं दूरदराज क्षेत्रों के कैडेट्स के लिए आरक्षित होती हैं। थे आर्यन पब्लिक स्कूल लखन माजरा की दसवीं कक्षा की छात्रा गरिमा 1 हरियाणा बटालियन एनसीसी, रोहतक से जुड़ी हैं और इस योजना के अंतर्गत चयनित होने वाली एकमात्र कैडेट रही है। समर्पण, अनुशासन एवं प्रतिभा का प्रमाण यह उपलब्धि ब्रिगेडियर हरदीप सिंह, कर्नल सुखविंदर सिंह (कमांडिंग ऑफिसर) तथा एडम ऑफिसर कर्नल अमन चौधरी के मार्गदर्शन एवं विद्यालय के एएनओ अवन सिंह के निर्देशन में संभव हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या निशा मोंगा, निदेशक अनीता सिंह एवं प्रबंधन सदस्य लता दहिया ने गरिमा को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत है।



### रोहतक पुलिस के पांच अधिकारी सेवानिवृत्त एसपी कार्यालय में हुआ विदाई समारोह

रोहतक। जिला पुलिस में कार्यरत 5 अधिकारी बृहस्पतिवार को पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त हुए है। पुलिस कार्यालय में स्थित सभागार मे आयोजित विदाई समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने सेवानिवृत्त हुए अधिकारियों के उज्जवल भविष्य व स्वास्थ्य की कामना करते हुए सेवानिवृत्त हुए अधिकारियो को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है। हॉनरेरी निरीक्षक सतीश, हॉनरेरी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, मुख्य सिपाही लीलाराम, महिला एएसआई अनिता देवी, व चतुर्थ श्रेणी राजेन्द्र कुमार आज सेवानिवृत हुए है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष यादव ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए पुलिस अधिकारियों ने अपने जीवन के सबसे कीमती समय पुलिस विभाग को समर्पित किया है। पुलिस विभाग उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों ने पुलिस विभाग में विभिन्न पदों पर रहकर कर्तव्यनिष्ठा व ईमानदारी से अपना कार्य किया है। पुलिस विभाग की नौकरी कठिन नौकरियों मे से एक है। जवान के साथ-साथ परिवार को भी संघर्ष करना पड़ता है। पुलिस विभाग में सम्मान पूर्वक सेवानिवृत्त होना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी पुलिस विभाग में भी सहयोग देते रहे। गांव गढ सहाजनपुर जिला सोनीपत निवासी हॉनरेरी निरीक्षक सतीश कुमार ने 37 साल, जिला पानीपत गांव सिवाह निवासी हॉनरेरी निरीक्षक राजेन्द्र सिंह ने 36 साल, जिला चरखी दादरी गांव जगराम बांस निवासी मुख्य सिपाही लीलाराम ने 17 साल, जिला झज्जर गांव सेरिया निवासी अनीता देवी ने 24 साल व जिला हांसी गांव बांस निवासी चतुर्थ श्रेणी राजेन्द्र कुमार ने 30 साल से ज्यादा पुलिस विभाग मे कार्य किया है।

# सुपवा में एक्टिंग सीखने वाले हथवाल को मिला लीड रोल

**ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हुई फिल्म 'रिश्तों की आखिरी बाजी'**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) के पूर्व छात्र अजय हथवाल को हिन्दी फिल्म 'रिश्तों की आखिरी बाजी' में प्रमुख भूमिका निभाने का मौका मिला है। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म हंगामा पर रिलीज हो गई है। अजय ने इसी फिल्म में सहायक निर्देशक के तौर पर भी कार्य किया है। सुपवा की फिल्म एवं टेलीविजन फैकेल्टी के एफसी महेश टीपी ने बताया कि अजय हथवाल 2017 बैच में एक्टिंग डिपार्टमेंट के छात्र रहे। उन्होंने यहां से एक्टिंग में ग्रेजुएशन डिग्री हासिल करने के बाद मुंबई फिल्म इंडस्ट्री का रूख किया। अजय मूल रूप से रोहतक जिले के कलानौर के पास स्थित गांव कटेसरा के रहने वाले हैं। फिल्म की शूटिंग सितंबर, 2025 के आखिरी दिनों में हुई थी। डीएलसीसुपवा के कुलगुरु डॉ अमित आर्य ने कहा कि हमारे छात्र फिल्मों में अभिनय के साथ ही फिल्म निर्माण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

### फिल्म की कहानी पति-पत्नी पर आधारित



फिल्म अभिनेता अजय हथवाल बताते हैं कि फिल्म की कहानी पति-पत्नी पर आधारित है, जिनके बीच किन्हीं कारणों से गलतफहमियों का जहर भर जाता है। इसी नफरत को खत्म करने के लिए कहानी में जग्गू का किरदार आता है, जिसे उन्होंने निभाया है। अभिनेता अजय ने बताया कि इनके पिता मैनपाल हरियाणा पुलिस से सेवानिवृत्त हैं और मां सावित्री देवी गृहणी हैं। उन्होंने इनकी अभिनय यात्रा के दौरान पूरा साथ दिया। डीएलसीसुपवा से एक्टिंग में अपनी डिग्री पूरी करने के बाद वे फिल्मों में काम की तलाश में मुंबई पहुंच गए।

अब वह दिन दूर नहीं, जब हर फिल्म में सुपवा के छात्र अभिनय, साउंड, प्रॉडक्शन, निर्देशन, लेखन आदि से जुड़ी कोई न कोई भूमिका निभाते जरूर नजर आएंगे।

# 1 से 30 मई तक चलेगा मकान सूचीकरण व जनगणना का विशेष अभियान, प्रक्रिया होगी अधिक पारदर्शी व तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

**पहली बार डिजिटल तरीके से होगी गणना**

- ▶▶ उपायुक्त के निर्देश-समयबद्ध और सटीक तरीके से पूरा किया जाए कार्य
- ▶▶ नागरिकों से अपील-एन्यूमरेटर को दें सही और अद्यतन जानकारी
- ▶▶ सभी जानकारी रहेगी पूरी तरह गोपनीय, अफवाहों से बचने की सलाह
- ▶▶ समस्या होने पर हेल्पलाइन 1855 व संबंधित अधिकारियों से करें संपर्क

जिले में 1 मई से 30 मई तक मकान सूचीकरण और जनगणना का कार्य व्यापक स्तर पर संचालित किया जाएगा। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार इस राष्ट्रीय कार्य को समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पूरा किया जाए। गृह मंत्रालय के जनगणना निदेशालय हरियाणा के निदेशक डॉ. ललित जैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से तैयारियों की समीक्षा करते हुए बताया कि इस बार जनगणना पहली बार डिजिटल तरीके से की जा रही है, जिससे प्रक्रिया अधिक सरल, तेज और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे अपने क्षेत्रों में आने वाले एन्यूमरेटरों और सुपरवाइजरों को सही और अद्यतन जानकारी देकर सहयोग करें। साथ ही आश्वस्त किया कि सभी जानकारी पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है। इसके जरिए सरकार को नीति निर्माण और संसाधनों के न्यायसंगत वितरण में मदद मिलती है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं और अपनी सही जानकारी दर्ज करवाएं। उन्होंने कहा कि एन्यूमरेटर और सुपरवाइजर इस प्रक्रिया की रीढ़ हैं, जिन्हें पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। प्रशासन उनकी हर संभव सहायता के लिए तत्पर है। यदि किसी कर्मचारी या नागरिक को कोई समस्या आती है, तो वे संबंधित सुपरवाइजर या तहसीलदार से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जनगणना विभाग की हेल्पलाइन 1855 पर भी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है, जहां समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में पुलिस अधीक्षक गौरव राजपुरोहित, अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार, एएसपी आयुष यादव, आरटीए सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, एसडीएम आशीष कुमार व विपिन कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार व नमिता सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## एमडीयू का शहीद स्मारक उपेक्षा का शिकार, खंडहर में तब्दील

# वीरों की याद में बना स्मारक आज वीरान, जिम्मेदार कौन

**जहां झुकते थे सिर, अब वहां उग आई झाड़ियां और घास**

**पूर्व सैनिक और समाजसेवियों ने जताई हालात पर नाराजगी**

- ▶▶ शहीदों के सम्मान से खिलवाड़ सफाई का नामोनिशान तक नहीं
- ▶▶ गणतंत्र और स्वतंत्रता दिवस पर ही होती है औपचारिक सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) जो अपनी शिक्षा और अनुशासन के लिए प्रदेश भर में विख्यात है, वहीं के परिसर से एक ऐसी तस्वीर सामने आ रही है जो बेहद चिंताजनक और पीड़ादायक है। विश्वविद्यालय गेट नंबर एक पर स्थित 'शहीद स्मारक', जो देश के वीर सपूतों की याद में बनाया गया था, आज प्रशासन की घोर अनदेखी के चलते अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्मारक की हालत वर्तमान में ऐसी हो गई है कि वहां श्रद्धा और सम्मान की जगह झाड़ियों और घास-फूस का साम्राज्य नजर आता है।

स्मारक परिसर के भीतर बड़ी-बड़ी कटीली झाड़ियां और जंगली घास इस कदर उग आई है कि दूर से यह कोई वीरान खंडहर जैसा प्रतीत होता है। सफाई व्यवस्था का नामोनिशान नहीं है। सबसे ज्यादा दुखद पहलू यह है कि इस स्मारक के पास भारतीय सेना के गौरव के प्रतीक दो सैन्य टैंक भी खड़े किए गए हैं, जिन्होंने युद्धों में दुश्मनों के छक्के छुड़ाए थे। लेकिन आज ये टैंक सफाई के अभाव में झाड़ियों के बीच दबे हुए हैं, जिससे इन्हें देखने आने वाले छात्रों और आगंतुकों को गर्व की जगह ग्लानि का अनुभव होता है। गौरतलब है कि गणतंत्र दिवस और स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर जिले के आला अधिकारी और मुख्य अतिथि सबसे पहले इसी स्मारक पर आकर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हैं। लेकिन विडंबना देखिए कि जिन शहीदों को साल में दो दिन औपचारिक श्रद्धांजलि दी जाती है, साल के बाकी दिन उनकी याद में बने स्मारक को 'नरक' के समान छोड़ दिया जाता है। यह स्थिति सीधे तौर पर हमारे सैनिकों के मान-सम्मान में बड़ी कमी को दर्शाती है।





### प्रशासन को नहीं मिट्टी की कीमत



यह देखकर कलेजा मुंह को आता है। हमने सीमा पर अपना खून बहाया ताकि देश सुरक्षित रहे। विश्वविद्यालय प्रशासन को शायद यह अंदाजा नहीं है कि इन टैंकों और इस मिट्टी की क्या कीमत है। यह महज ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, हमारी भावनाओं का केंद्र है। प्रशासन की यह सुस्ती शहीदों की शहादत का अपमान है।

-कैप्टन विरेंद्र सिंह

### अतिथियों के आने पर होती है सफाई



जब बड़े कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि आते हैं, तब तो यहां रातों-रात सफाई हो जाती है, लेकिन आम दिनों में यहां कोई झाड़ू तक लगाने नहीं आता। क्या सफाई भी केवल वीआईपी लोगों के आने पर ही होगी। सफाई केवल फोटो खिंचवाने के लिए नहीं, बल्कि हमारे संस्कार और सम्मान का हिस्सा होनी चाहिए।

-समाजसेवी संजीत नांदल

# आईएचएम रोहतक में दाखिले शुरू, 26 मई तक करें आवेदन

**हॉस्पिटैलिटी करियर के नए रास्ते खुले**

- डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश मेरिट के आधार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं के लिए अच्छी खबर है। आईएचएम रोहतक में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। आवेदन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है। संस्थान में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्राचार्य शंभू नाथ गौतम ने बताया कि प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं पास है। डिग्री कोर्स में दाखिला एनसीएचएम जेईई के माध्यम से होगा, जबकि डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को वैश्विक मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है, ताकि वे हॉस्पिटैलिटी इंडस्ट्री में सफल करियर बना सकें। करियर में रफ्तार के लिए इस वर्ष संस्थान में कई नई पहलें प्रस्तावित हैं। हॉस्पिटैलिटी और पर्यटन क्षेत्र में स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित करने की योजना है, जिसे हरियाणा सरकार की एंटरप्रेन्योरशिप पॉलिसी 2022 के तहत विकसित किया जाएगा। इससे विद्यार्थियों को अपने बिजनेस आइडिया को आगे बढ़ाने, विशेषज्ञों से मार्गदर्शन लेने और वित्तीय सहायता प्राप्त करने का मौका मिलेगा। इसके अलावा, एक आधुनिक कमर्शियल बेकरी यूनिट स्थापित करने की योजना भी है, जहां विद्यार्थियों को हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग और लाइव प्रोडक्शन का अनुभव मिलेगा।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते आईएचएम के प्राचार्य शंभू नाथ गौतम।

### युवाओं को मिलेंगे अवसर

प्राचार्य ने बताया कि हरियाणा टूरिज्म के 43 टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में रोजगार उपलब्ध कराने का प्रस्ताव विचाराधीन है, जिसमें संस्थान के विद्यार्थियों को प्राथमिकता मिल सकती है। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रशिक्षित युवाओं की मांग लगातार बनी हुई है। संस्थान की प्रतिष्ठित होटल चेन के साथ मजबूत साझेदारी है, जिससे विद्यार्थियों को इंडस्ट्री एक्सपोजर मिलता है। संस्थान 100 प्रतिशत इंटर्नशिप और प्लेसमेंट सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

# वैश्य एजुकेशन सोसायटीः उप-प्रधान अनिल बिंदल ने लिया प्रधान का चार्ज

रोहतक। वैश्य एजुकेशन सोसायटी में चल रहे प्रशासनिक घटनाक्रम के बीच उप-प्रधान अनिल कुमार बिंदल ने वीरवार को सोसायटी कार्यालय में संस्थान के सभी प्राचार्यों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उन्होंने संस्थान की वर्तमान गतिविधियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए अनिल कुमार बिंदल ने स्पष्ट किया कि उन्होंने सोसायटी संविधान की धारा 26(2) बी के तहत प्रधान का चार्ज लिया है। अपने निर्णय को पुख्ता करते हुए उन्होंने स्टेट रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज के 13 मार्च 2026 के एक फैसले (अपील नं. 95/2025) का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रार के आदेशानुसार, प्रधान की अनुपस्थिति में शिक्षण संस्थानों के रोजमर्रा और अनिवार्य कार्यों को सुचारू रखने के लिए उप-प्रधान कार्यभार संभाल सकता है। इसी के आलोक में उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था होने तक यह जिम्मेदारी संभाली है। अनिल बिंदल ने महासचिव द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को मनगढ़ंत और निराधार बताते हुए सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के वेतन और डी.ए. में वृद्धि का निर्णय संस्थान के हित में लिया गया था, जिसे गवर्निंग बॉडी की बैठक में विधिवत पास कराया गया है।



रोहतक। पत्रकारों से बातचीत करते उप-प्रधान अनिल कुमार बिंदल व अन्य पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि

## एमडीयू में सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी भावभीनी विदाई



रोहतक। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में सेवानिवृत्त हुए शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। एमडीयू से वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. सुरेश चंद, सुपरिटेंडेंट राज कंवर, सहायक सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह, सहायक दर्शन कुमार पुनिया तथा क्लर्क हरिओम सेवानिवृत हो गए। विदाई समारोह में कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने कहा कि सेवानिवृत्त हुए सभी कर्मचारियों ने अपने कार्यकाल के दौरान पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ विश्वविद्यालय की सेवा की है। इनका योगदान विवि की प्रगति में अहम रहा है।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# पीडब्ल्यूडी मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन के चेयरमैन की जिम्मेदारी सुमित को सौंपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा गवर्नमेंट पी.डब्ल्यू.डी. मेकेनिकल वर्कर्स यूनियन (मुख्यालय पंचकुला, कैंप कार्यालय करनाल) की भवन एवं मार्ग शाखा रोहतक की नई कार्यकारिणी का चुनाव पी.डब्ल्यू.डी. मेकेनिकल कार्यालय में संपन्न हुआ। यह चुनाव राज्य चेयरमैन सत्यपाल वर्मा और राज्य उप प्रधान धर्मराज घनघस की देखरेख में सर्वसम्मति से लोकतांत्रिक ढंग से कराया गया। इस अवसर पर राज्य महासचिव इंद्रजीत सिंह सिहाग, उप प्रधान जगबीर हुड्डा, राज्य उप कोषाध्यक्ष विनय रोहिल्ला और जिला ऑडिटर शमशेर सिंह खनगवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। नई कार्यकारिणी में सुमित बल्हारा को चेयरमैन और बलजीत लडवाल को प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अलावा विनोद कुमार को सचिव, कौशल गुप्ता को कोषाध्यक्ष और सुनील कुमार को वरिष्ठ उप प्रधान चुना गया। पूजा व रणजीत को उप प्रधान, हरीश (भिवानी रोड) को संगठन सचिव, जयवीर कागड़ा को उप कोषाध्यक्ष, दीपक कुमार व जनता देवी को सहसचिव तथा दुर्गेश वर्मा व शमशेर खनवाल को ऑडिटर नियुक्त किया गया। प्रेस सचिव जयपाल बागवानी ने बताया कि राज्य चेयरमैन सत्यपाल वर्मा ने सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे कर्मचारियों की लंबित मांगों को मनवाने के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।



# एआई के दौर में युवाओं की भूमिका अहम, बड़े सपनों के साथ आगे बढ़ेंः प्रो. मिलाप पूनिया

- विकसित भारत के निर्माण के लिए नवाचार, अनुशासन और दूरदृष्टि अपनाने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रौद्योगिकी के इस तीव्र परिवर्तनशील दौर में, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभाव के बीच, युवाओं की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। विकसित भारत के निर्माण के लिए आज के विद्यार्थियों को नवाचार, अनुशासन और दूरदृष्टि के साथ आगे बढ़ना होगा। यह विचार महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मिलाप पूनियाँ ने वीरवार को यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित स्पोर्टेक-26 पुरस्कार वितरण समारोह में व्यक्त किए। टैगोर सभागार में आयोजित इस समारोह में कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया ने मुख्य अतिथि के रूप में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। उन्होंने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के प्रेरणादायक शब्दों का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने जीवन में एक स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करें और उसे प्राप्त करने के लिए सतत प्रयासरत रहें। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक है। समारोह में कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपनी प्रतिभा को पहचानें, समय का सदुपयोग करें और हर क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने का लक्ष्य रखें। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, यूआईईटी निदेशक प्रो. अश्वनी ढींगड़ा, प्रो. युद्धवीर सिंह, प्रो. विनीत सिंगला, स्पोर्टेक कोऑर्डिनेटर डॉ. योगेश सहित अनेक प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में विजेताओं को सम्मानित करते कुलपति प्रो. मिलाप पूनिया।

## पारदर्शिता और संवेदनशीलता पर रहेगा विशेष फोकस : डीसी

# अधिकारियों को निर्देश, तय समय में किए जाएं समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

जिला प्रशासन ने जनसमस्याओं के समाधान को लेकर अपना रुख और स्पष्ट कर दिया है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे नागरिकों की शिकायतों का निपटारा सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ तय समय सीमा में करें और हर मामले में संवेदनशीलता बनाए रखें। लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनते हुए उपायुक्त ने कहा कि अधिकारियों को हर शिकायत को प्राथमिकता के आधार पर लेना चाहिए। उन्होंने जोर दिया कि समस्या के समाधान के दौरान संबंधित व्यक्ति से संवाद बनाए रखें और उसे की जा रही कार्रवाई की जानकारी दें, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और समाधान स्थायी हो। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय और उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और गुरुवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी निवारण सुनिश्चित करना है।




रोहतक। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

### जनसमस्याओं पर प्रशासन सख्त

डीसी ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। समाधान शिविर नागरिकों और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर समस्याओं के शीघ्र समाधान का प्रभावी मंच बन रहे हैं। इस दौरान प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण के सचिव वीरेंद्र सिंह ढुल, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत कुमार और जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने भी लोगों की शिकायतें सुनीं। वहीं, महम उपमंडल में आयोजित समाधान शिविर में उपमंडलाधीश विपिन कुमार ने नागरिकों की समस्याओं का संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। महम शिविर में तीन शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें आवश्यक हिदायतों के साथ संबंधित विभागों को सौंप दिया गया।